महत्वपूर्ण एवं खास

फेयरवेल पार्टी करने वाले 104 स्टूडेंट्स को प्राचार्य ने किया सस्पेंड

बलौदाबाजार (आरएनएस)। बलौदाबाजार भाटापारा के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्राचार्य अपनी मनमानी करते नजर आ रहे हैं। प्राचार्य ने कक्षा 11 और 12वीं के 104 बच्चों को 14 जनवरी 2023 तक निलंबित करने का आदेश जारी किया है। दरअसल बलौदाबाजार भाटापारा के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा 11 और 12वीं के 104 बच्चों ने स्कूल परिसर से बाहर फेयरवेल पार्टी की, जिससे उनके प्राचार्य केशव देवांगन नाराज हो गए। इतने नाराज हो गए कि वे मनमानी करने पर उतर आए हैं। उन्होंने सभी बच्चों को 14 जनवरी 2023 तक निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया है।

पत्नी से झगड़ा कर टॉवर पर चढ़कर दी धमकी

कोरबा (आरएनएस)। हाईटेंशन टॉवर पर चढ़ा ग्रामीण नीचे कूद जाने की धमकी देता रहा। मामला पसान थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धवलपुर के आश्रित मोहल्ला केछवापारा का है। यहां रहने वाला बिपत कुमार 30 का अपनी पत्नी से घरेलू बात को लेकर विवाद हो गया। उसके बाद वह नाराज होकर घर से निकला और गांव के पास से होकर गुजरे हाईटेंशन टॉवर में चढ़ गया। मौके पर ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। सूचना पर पसान थाना से पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। हाईटेंशन टॉवर से नीचे कूद जाने की धमकी दे रहे बिपत कुमार समझाया, तब जाकर वह नीचे उतरा। करीब घंटेभर तक हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा।

हाथियों ने सेमरहा व बर्रा में अरहर फसल को रौंदा

कोरबा (आरएनएस)। कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में हाथियों का उत्पात जारी है। यहां के बर्रा व सेमरहा गांव में अचानक पहुंचे हाथियों के दल ने बीती रात खेतों में पहुंचकर बड़ी मात्रा में अरहर क फसल को रौंद दिया। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज सुबह मौके पर पहुंचे और रात में हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की। इधर कोरबा वनमंडल कुदमुरा रेंज में भी 12 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों के इस दल में शावक भी शामिल है। इस दल द्वारा फिलहाल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया है फिर भी वन विभाग अपनी ओर से सतर्कता बरतते हुए हाथियों की निगरानी में जुट गया है।

फर्जी आईएएस अधिकारी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर पुलिस ने फर्जी आईएएस अधिकारी को गिरफ्तार किया है। उक्त व्यक्ति संस्कृति एवं पुरातत्व संचालनालय पहुंचकर खुद को यूपी के लखनऊ में आईएएस होना बताकर अपनी संस्था को सरकार से आर्थिक की मांग कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार संस्कृति एवं पुरातत्व संचालनालय में संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व के स्टेनोग्राफर के पद पर पदस्थ देवेश कुमार साहू ने थाना सिविल लाईन में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बुधवार 11 जनवरी को संस्कृति एवं पुरातत्व के संचालक के समक्ष एक व्यक्ति उपस्थित होकर अपना नाम तारणदास भारती होना बताने के साथ ही स्वयं को यूपी कैडर के 2016 बैच के आईएएस होना तथा वर्तमान में अपनी पदस्थापना लखनऊ में होना बताया। तारणदास भारती द्वारा एक आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि वो एक लोक गायक रहे हैं और एक संस्था चलाते हैं तथा उनकी संस्था को शासन की ओर से आर्थिक सहयोग प्रदाय किया जाए। तारणदास भारती के आवेदन में उनके नाम के साथ आईएएस अंकित किया गया था जिस पर संचालक को तारणदास भारती पर शक हुआ। जांच करने पर तारणदास भारती को फर्जी व्यक्ति होना पाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना सिविल लाईन पुलिस की टीम द्वारा तारणदास भारती निवासी ग्राम छेरकापुर थाना पलारी जिला बलौदा बाजार को पकडक़र पूछताछ करने पर उसके द्वारा संचालक को स्वयं को आईएएस अधिकारी होना बताना स्वीकार किया गया। आरोपी तारणदास भारती को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से फर्जी लेटर पेड एवं सील जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में धारा 170 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।।

रायगढ़ में स्थित राज्य का पहला मिलेट्स कैफे स्वाद, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण का बना मिसाल

❒ कैफे में रागी का पास्ता, कोदो की बिरयानी, मिलेट मंचूरियन का लुत्फ उठाने सैंकड़ो युवाओं की लग रही भीड़

❒ महिला समूह की हर महीने 3 लाख रुपये हो रही आमदनी

रायपुर (आरएनएस)। राज्य का पहला मिलेट्स कैफे रायगढ़ में अपनी सफलता के जलवे बिखेर रहा है। इसे खुले महज 8 महीने हुए हैं लेकिन यहां की मासिक आमदनी 3 लाख रूपये को पार कर गयी है। आलम ये है कि यहां वीकेंड पर बैठने को बमुश्किल जगह मिलती है। रायगढ़ के तत्कालीन कलेक्टर भीम सिंह ने मिलेट्स को बढ़ावा देने मई 2022 में इस कैफे की शुरूआत की गयी। कैफ़े का मुख्य उद्देश्य मिल्लेट्स को बढ़ावा देने और विभिन्न मिल्लेट्स का उपयोग करके मुख्यधारा और पारंपरिक दोनों प्रकार के व्यंजनों का प्रदर्शन करने के लिए था।

हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मिलेट्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधानसभा में सभी विधायकों को मिलेट्स से बने व्यंजन का भोज दिया था। छत्तीसगढ़ राज्य देश का पहला ऐसा राज्य है जो समर्थन मूल्य पर मिलेट्स की खरीदी कर रहा है। रोहिणी पटनायक, जो कैफे के संचालन की प्रमुख हैं, कहती हैं, हम स्वस्थ भोजन प्रदान करना चाहते हैं और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह ग्राहकों की स्वाद कलिकाएं को संतुष्ट करे। जिला प्रशासन के शुरुआती सहयोग से, अब हमारा कैफे एक आत्मनिर्भर व्यवसाय होने जा रहा है। टज़डब् ने गुणवत्ता और स्वाद सुनिश्चित करने के लिए प्रोफेशनल शेफ को भी नियुक्त किया है।

फूड ब्लॉगर्स और युवाओं की पहली पसंद- टीम द्वारा बहुत सारे नए प्रयोग किए जा रहे हैं और इन सभी व्यंजनों की रेसिपी बुक को राज्य और देश के अन्य हिस्सों में लोकप्रिय बनाने के लिए प्रकाशित किया गया है। इस कैफ़े के मुख्य कस्टमर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग, खाने के शौकीन, फूड ब्लॉगर, है। यहां सबसे लोकप्रिय व्यंजनों में मिलेट चीला, डोसा, मिलेट मोमोज, मिलेट पिज्जा, मिलेट मंचूरियन और कोदो बिरयानी हैं और इनकी सबसे अधिक बिक्री होती है। यह कैफे 3 लाख की मासिक बिक्री करता है। अब एक लाभदायक व्यवसाय की ओर बढ़ रहा है।

नटवर स्कूल के पास सी-मार्ट के बाजू में शुरू हुए इस कैफे में रागी से बने पास्ता, चीला, इडली, मंचूरियन, पिज्जा, नूडल, पकोड़े, समोसे, दोसा, कोदो से बनी बिरयानी के साथ ही सैंडविच, शेक्स, बर्गर का स्वाद लेने का अवसर लोगों को मिल रहा है।

इस कैफे को शुरू करने में मुख्य भूमिका निभाने वाले तत्कालीन कलेक्टर भीम सिंह बताते हैं कि कई पीढिय़ों से रागी, कोदो जैसे अनाज हमारे आहार का प्रमुख हिस्सा हुआ करता था। किंतु आज इनका उपयोग सीमित हो गया है। ये अनाज सेहत के लिए जरूरी बहुत से पोषक तत्वों से युक्त होते हैं। इस कैफे से लोगों को इन अनाजों से तैयार व्यंजन के रूप में सेहतमंद विकल्प मिलेंगे।

महिला उद्यमिता को मिल रहा बढ़ावा

इस कैफे की शुरुआत जिला प्रशासन की पहल व सहयोग से हुआ है। इसका संचालन विकास संघ महिला समूह द्वारा किया जा रहा है। इसमें तकनीकी सहयोग महिला बाल विकास विभाग और ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन द्वारा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में पहली बार महिला स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए महिला समूहों के लिए मिलेट्स आधारित कैफे की शुरुआत की गयी है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के दुसरे दिन यातायात पुलिस आयोजित की वाहन चालकों के लिए नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर व कार्यशाला

❒ बरगढ़ हाई स्कूल में खरसिया पुलिस छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की दी जानकारी

रायगढ़। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 2023 के आज दूसरे दिन दिनांक 12.01.2023 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा के दिशा-निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु स्थानीय जिंदल बैरियर रायगढ़ में स्वास्थ्य विभाग एवं फॉर्टिस जिंदल हॉस्पिटल के चिकित्सकों के सहयोग से यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा भारी वाहन चालकों का नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में करीब 275 वाहन चालक परीक्षण कराकर लाभान्वित हुए। सभी वाहन चालकों को मौके पर ही नेत्र एवं स्वास्थ्य चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क परामर्श एवं दवाइयां वितरण की गई, 12 वाहन चालकों को एनजीओ फास्ट्रेक कंप्यूटर एंड वेलफेयर सोसायटी व श्रीमद दयानंद वैदिक मिशन संस्थान रायगढ़ के सहयोग से चश्मा वितरण किया गया।

यातायात पुलिस द्वारा उपस्थित सभी चालकों को कार्यशाला के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने एवं संतुलित गति से वाहन चालन करने, दुर्घटना घटित होने के कारणों से अवगत कराते हुए आवश्यक सुरक्षात्मक समझाइश के साथ पंपलेट वितरण कर जागरुक किया गया।

नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में शासकीय नेत्र रोग विशेषज्ञ अर्जुन बेहरा, चंद्रशेखर साहू, हंसरामपटेल, राजेश आचार्य, फोर्टिस ओ.पी. जिंदल हॉस्पिटल से जनरल फिजिशियन डॉ आकाश मेहर, शत्रुघन आदित्य, एन.जी.ओ. कौशल अग्रवाल, गौरव शर्मा यातायात विभाग से सउनि मनोज तिवारी प्रधान आरक्षक बिहारी एक्का, मुकेश चौहान, रतन सिंह आरक्षक सुनील मिश्रा एवं अन्य यातायात कर्मचारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 2023 दौरान जिला मुख्यालय के साथ ही अनुविभागों में भी विविध यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर यातायात नियमों का प्रचार प्रसार कर लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक नंदकिशोर गौतम हमराह स्टाफ के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगढ़ जाकर स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ को यातायात नियमों की बेसिक जानकारी देकर उन्हें यातायात नियमों का पालन करने प्रेरित किया गया है।

230 किलो गांजा की तस्करी, सीमांत क्षेत्र में पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा और आसपास के इलाकों से होकर दूसरे राज्यों में गांजा के तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे है। मध्य रात्रि को जिले के सीमांत क्षेत्र पसान में पुलिस की टीम ने एक सूचना पर वाहन के जरिये की जा रही गांजा की तस्करी पकड़ी। इस मामले में संबंधित आरोपी बिहार के निवासी बताये जा रहे है। एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज करने के साथ आगे कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार वाहन के माध्यम से गांजा की 230 किलो मात्रा ओड़िसा से प्राप्त की गई और इसे अगले ठिकाने में लगाने के लिए छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश का रूट तय किया गया था। तस्करों को ऐसा लगा कि यह रास्ता उनके लिए सुरक्षित हो सकता है और वे इस काम को बेहद आसानी से अंजाम देने में सफल हो सकते है। कोरबा जिले से होकर आवाजाही करने के दौरान तस्करों की मुश्किल बढ़ गई। सबडिवीजन कटघोरा के अंतर्गत जिले के सीमांत क्षेत्र पसान में पुलिस के द्वारा रात्रिकालीन वाहनों की जांच पड़ताल की जा रही थी। इस फेर में तस्करों का वाहन फंस गया। जांच के दरम्यान वाहन में कई पैकेट मिले। संबंधित लोगों ने स्वीकार किया कि पैकेटों में गांजा भरा हुआ है जिसे अगले प्वाइंट में खपाने की उनकी योजना थी।

लाखों की चोरी करने वाला नौकर गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। अपने मालिक के घर से लाखों रूपए की चोरी कर फरार होने वाले नौकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा आरोपी से चोरी के सामान सहित नगदी बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार नमन बिल्डिंग चौथा मंजिल कचना रोड खम्हारडीह में रहने वाले अभिषेक मानिक घर में काम करने वाला नौकर अमित चौहान निवासी इच्छापुर सराईपाली महासमुंद एक-दो दिन की छुट्टी लेकर गया था जो वापस नही लौटा। शंका होने पर अभिषेक ने जब अपने घर के पैसे का हिसाब किया तो पता चला कि अमित चौहान विगत तीन माह में लाखों रूपये गायब कर चुका था और इसीलिये वह काम छोडक़र फरार हो गया। इसके बाद अभिषेक ने थाना खम्हारडीह में अमित के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर थाना खम्हारडीह में आरोपी के खिलाफ धारा 381 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। चोरी की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीरता से लेते हुए आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर खम्हारडीह पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए घटना में संलिप्त आरोपी आमित चौहान निवासी महासमुंद को ड्क्षगरफ्तार कर लिया गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने चोरी करना स्वीकार करने के साथ ही आरोपी द्वारा चोरी किये गये रकम से चारपहिया वाहन, दोपहिया वाहन, सोने के जेवरात एवं मोबाईल फ ोन क्रय करना बताया गया। जिस पर आरोपी अमित चौहान की निशानदेही पर उसके कब्जे से चोरी की रकम से क्रय किये गये 1 चारपहिया वाहन, 2 दोपहिया वाहन, सोने के जेवरात एवं 3 आईफ ोन कीमत लगभग 14 लाख रूपये जप्त किया गया है।

मुख्यमंत्री ने किया 72 करोड़ 56 लाख 20 हजार रुपए के 106 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत सिहावा में आज आयोजित कार्यक्रम में 72 करोड़ 56 लाख 20 हजार रुपए के 106 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 16 करोड़ 54 लाख 29 हजार रुपए के 37 विकास कार्यों का लोकार्पण और 56 करोड़ 01 लाख 91 हजार रुपए के 69 विकास कार्यों का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग धमतरी के 03 कार्य, स्कूल शिक्षा विभाग, नगर पंचायत भैंसमुंडी मगरलोड एवं वन विभाग के 01-01 कार्य,नगर पंचायत नगरी के 26 कार्य, नगर पंचायत नगरी एवं कृषि उपज मंडी नगरी के 02-02 कार्य तथा स्वास्थ्य विभाग के 01 कार्य लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री बघेल द्वारा 69 विकास कार्यों की आधारशिला भी रखी गई, इनमें लोकनिर्माण विभाग के 02 कार्य, गृहनिर्माण मंडल धमतरी के 06 कार्य, जलसंसाधन संभाग धमतरी के 08 कार्य, छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के 02 कार्य, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के 11 कार्य, नगरपंचायत नगरी के 25 कार्य, उप संचालक कृषि के 03 कार्य, कृषि उपज मंडी समिति नगरी के 06 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग धमतरी के 01 कार्य,नगर पंचायत मगरलोड के 04 कार्य और स्वास्थ्य विभाग के 01 कार्य शामिल हैं, जिनका शिलान्यास किया गया। सिहावा रेस्ट हाउस में अधिकारियों की समीक्षा बैठक के पश्चात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गोधन न्याय योजना पर केंद्रित जिला पत्रिका का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में 50त्न राशि राज्य सरकार दे रही है। इस वर्ष 700 करोड़ का बजट रखे हैं, 300 करोड़ रिलीज कर दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रचार-प्रसार भी करें, जिनका घर पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी माध्यम के 10 शासकीय कॉलेज स्वीकृत किए गए हैं। कुरूद में भागवत कथा सुनने के लिए बीईओ द्वारा आदेश जारी किए जाने की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कुरूद बीईओ को तत्काल हटाने के निर्देश डीईओ को दिए।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना : आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी एवं लिखित प्रवेश परीक्षा 10 मार्च को

रायगढ़। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना वर्ष 2023-24 में कक्षा 6 वीं में लिखित प्रवेश परीक्षा जिला स्तर पर 10 मार्च 2023 दिन-रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा संबंधी आवेदन करने हेतु तिथि निर्धारित की गयी है। जिनमें विद्यार्थी द्वारा आवेदन पत्र शाला में जमा करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी 2023, शाला प्रमुख द्वारा विद्यार्थी के आवेदन का परीक्षण एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को अग्रेषण करने की तिथि 13 फरवरी 2023 तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा समस्त आवेदनों की सूची तैयार कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 17 फरवरी 2023 निर्धारित की गई है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा में वहीं छात्र-छात्राएं पात्र होंगे जो राज्य अंतर्गत छात्र-छात्रा रायगढ़ जिले का ही मूल निवासी हो (सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर से जारी निवास प्रमाण-पत्र के आधार पर) उसी जिले में आवेदन करने की पात्रता होगी। मूल निवास जिले से भिन्न जिले में किए गए आवेदन स्वीकार्य योग्य नहीं होगा। छ.ग.राज्य में मान्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो। इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र धारक हो। विद्यार्थी छत्तीसगढ़ में संचालित किसी मान्यता प्राप्त संस्था में कक्षा 5 वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत हो तथा कक्षा चौथी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थी चयन परीक्षा में शामिल होने के पात्र होंगे। पिता/पालक की आय समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये से अधिक न हो निर्धारित प्रपत्र में पालक का स्वघोषणा पत्र होना चाहिए। योजनान्तर्गत विद्यार्थियों का चयन पूर्णत: ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से किया जाएगा। अर्थात ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों से कक्षा चौथी उत्तीर्ण करने वाले छात्र ही योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगे। नगर पालिका तथा नगर पालिक निगम क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी योजना का लाभ लेने हेतु पात्र नहीं होंगे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.वी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा शिल्पकारों के लिए आयोजित डिजाईन ट्रेनिंग वर्कशॉप संपन्न

❒ विधायक प्रकाश नायक ने शिल्पकारों को दिया प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र

रायगढ़। विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय नई दिल्ली के वित्तीय सहयोग से छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड रायगढ़ द्वारा इंटीग्रेटेड डिजाईन एण्ड टेक्नीकल डेव्हलपमेंट प्रोजेक्ट बेलमेटल क्राफ्ट अनुसूचित जाति वर्ग के 40 शिल्पकारों का डिजाईन ट्रेनिंग वर्कशॉप ग्राम धनुहारडेरा-एकताल वि.खं. पुसौर जिला रायगढ़ में 7 अक्टूबर 2022 से 6 जनवरी 2023 तक 75 कार्य दिवस का संचालित किया गया। जिसका समापन कार्यक्रम 11 जनवरी 2023 को किया गया।

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक ने कहा कि ग्राम धनुहारडेरा एकताल का नाम राज्य से लेकर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त है। एकताल से कई राष्ट्रीय स्तर एवं राज्यस्तरीय पुरस्कार से सम्मानित शिल्पियों ने ढ़ोकरा शिल्प को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में नई पहचान दिलाई है एवं बाजार में अन्य राज्यों की अपेक्षा एकताल के शिल्पियों का कलाकृतियों का स्वीकारिता अधिक है एवं कलाकृति के गुणवत्ता में सुधार, उपयोगी वस्तुओं का निर्माण एवं ऑन लाईन

मार्केटिंग एवं पैकेजिंग की जानकारी देते हुए शिल्पकारों को शुभकामनाए दी गई। इस मौके पर उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त शिल्पकारों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एल.एस.वट्टी क्षेत्रीय महाप्रबंधक छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड, बिलासपुर शिल्पकारों को संबोधित करते हुए हस्तषिल्प के कलाकृति बनाकर स्वरोजगार प्राप्त करते हुए अपने परिवार का जीवन स्तर में सुधार करने के लिये प्रेरित किया। अशोक कुमार मिरी डिजाईनर द्वारा नये-नये डिजाईन, विपणन एवं शिल्पियों के विकास के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप बुद्धेश्वरी चौहान सरपंच ग्राम पंचायत एकताल विकासखण्ड पुसौर, परदेशी चौहान महामंत्री अनुसूचित जाति कांग्रेस जिला रायगढ़ एवं देवानंद पटेल किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष, एल.एस. वट्टी क्षेत्रीय महाप्रबंधक छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड बिलासपुर, उदयराम झारा राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ शिल्पकार, भोगीलाल झारा राज्यस्तरीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्राप्त एवं मास्टर क्राफ्टसमेन, अशोक कुमार मिरी डिजाईनर, नीलकंठ पूर्व पंच, तरू चौहान पूर्व पंच, नेहरू चौहान, लक्ष्मण गुप्ता पंच ग्राम पंचायत एकताल एवं अनेकों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रम में आर.डी. खूंटे प्रभारी अधिकारी छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड रायगढ़ द्वारा विभागीय योजनाओं से अवगत कराया गया एवं छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड रायगढ़ के सहयोगी कर्मचारी कालिया कान्हू सिदार, घनश्याम सिंह, समस्त 40 प्रशिक्षणार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्राम धनुहारडेरा-एकताल के निवासियों की भागीदारी रही।